# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024





# डाइट प्लान रखें सही कोलेस्ट्रॉल रहेगा कंट्रोल

आज के दौर में डाइट को लेकर लापरवाही बरतने की वजह से ओल्ड ही नहीं यंग और मिड एज के लोगों में भी कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ जाता है। इससे कई डिजीजेज का रिस्क बढ़ जाता है। ऐसे में डाइट को कंट्रोल करना बहुत जरूरी है।

**डाइट सजेशन**

**डॉ. माजिद अलीम**



हमारे रक्त में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा का अधिक होना, हृदय रोग को बुलावा देना है। कोलेस्ट्रॉल हमारे शरीर में तब तक हार्मफुल नहीं होता है, जब तक इसकी मात्रा जरूरत से ज्यादा ना हो। हमारे शरीर की कोशिकाओं के निर्माण, विटामिंस और अन्य हार्मोन बनाने के लिए इसकी जरूरत होती है। हमें कोलेस्ट्रॉल दो स्रोतों से मिलता है- पहला हमारा लिवर अपनी जरूरत के हिसाब से कोलेस्ट्रॉल बनाता है। दूसरा, यह हमें विभिन्न खाद्य पदार्थों जैसे- मांस, मछली और डेयरी उत्पादों से प्राप्त होता है। ये खाद्य पदार्थ ट्रांसफैट युक्त होते हैं, यही वसा हमारे शरीर में कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाती है। कोलेस्ट्रॉल हमारे रक्त में सर्कुलेट होता है। जब शरीर में इसकी मात्रा बढ़ती जाती है, तो हमारे हेल्थ पर कई बीमारियों का रिस्क बढ़ जाता है।

**फैट इनटेक को समझें:** इस बात को समझना जरूरी है कि हम अपनी डाइट में जो फैट लेते हैं, वह शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को प्रभावित करता है। इसलिए खाना पकाने के लिए सही तेल का यूज करना जरूरी है, जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल को ना बढ़ाए। चावल की भूसी, तिल का तेल, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, कैनोला, जैतून आदि के तेल खाना बनाने में इस्तेमाल करना फायदेमंद है। इसके अलावा सलाद ड्रेसिंग, डिप्स और सॉस, बाजार से लेने की बजाय घर पर बनाएं। खाद्य पदार्थों को डीप फ्राय के बजाय ग्रिल करें, रोस्ट या बेक करें ताकि शरीर में कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कंट्रोल किया जा सके।



**कोलेस्ट्रॉल के प्रकार:** कोलेस्ट्रॉल दो तरह का होता है। एक, एलडीएल कोलेस्ट्रॉल- जो हमारे लिए नुकसानदेह होता है। दूसरा, एचडीएल कोलेस्ट्रॉल-जो हमारे शरीर के लिए अच्छा होता है। एलडीएल का बहुत अधिक होना या एचडीएल का पर्याप्त मात्रा में ना होने से यह कोलेस्ट्रॉल धीरे-धीरे हमारी धमनियों की भीतरी दीवारों में जमा हो जाता है और एक मोटी और सख्त परत बना देता है। नतीजतन, धमनियां सख्त हो जाती हैं और उनका रास्ता संकरा हो जाता है। इससे शरीर में रक्त के थक्के बनने लगते हैं, इन संकरी धमनियों में अगर अवरोध पैदा हो जाए, तो इससे दिल का दौरा या स्ट्रोक हो सकता है। ऐसे में यहां बताए जा रहे सरल उपायों से हम कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित कर सकते हैं।

**फास्ट-जंक फूड से परहेज:** कोलेस्ट्रॉल पर नियंत्रण के लिए जहां ज्यादा कोलेस्ट्रॉल युक्त भोज्य पदार्थों में कटौती करना जरूरी होता है, वहीं भोजन की कुल कैलोरीज पर भी नियंत्रण करना जरूरी होता है, तभी कोलेस्ट्रॉल की गति पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसके लिए हमें जंक फूड और फास्ट फूड से जितना हो सके दूर रहना चाहिए।

**दूध का सेवन:** जो लोग फुलक्रीम दूध पीना पसंद करते हैं, उन्हें इससे परहेज करना चाहिए। फुलक्रीम दूध, पनीर, मलाई, खोया, मक्खन और देसी घी की जगह डबल टोंड दूध का उपयोग करें। डबल टोंड दूध के ही प्रोडक्ट लें क्योंकि फुलक्रीम दूध सैचुरेटेड ज्यादा होता है, जिससे शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है।

**फल-सब्जियां खाएं:** साबुत अनाज, बींस, फलियां, मेवे, सब्जियां, मछली और सी फूड जैसे कम कोलेस्ट्रॉल युक्त, एनिमल प्रोटीन से भरपूर हेल्दी डाइट लें। मीठे खाद्य पदार्थ और रेड मीट, नमकीन खाद्य पदार्थ, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट और ज्यादा पॉश्चुराइज्ड खाद्य पदार्थों का कम से कम सेवन करें। छिलकेदार दालें, चोकर और साबुत अनाज के पानी में घुलनशील रेशे ज्यादा होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल में रखते हैं और शरीर में उसके एब्जॉर्ब होने की क्रिया पर रोक लगाते हैं। इससे एलडीएल कोलेस्ट्रॉल घटता है और एचडीएल कोलेस्ट्रॉल में बढ़ोत्तरी होती है। इनके अलावा फिजिकल एक्टिविटीज से भी कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कंट्रोल किया जा सकता है। इस तरह आप हार्ट प्रॉब्लम के रिस्क को काफी कम कर सकते हैं। *

---

**फिटनेस**

**रेखा देशराज**

बढ़ती एज में हमारी फिटनेस और एक्टिवनेस काफी हद तक हमारी बोंस हेल्थ पर निर्भर करती है। इसलिए मिड एज और ओल्ड एज में हमारी फिटनेस बनी रहे, इसके लिए यंग एज से ही बोंस हेल्थ पर ध्यान देना जरूरी है। इसके साथ ही वीक बोंस की वजहों के बारे में और उससे बचाव के तरीकों के बारे में भी आपको पता होना चाहिए।

# हमेशा रहना है फिट-एक्टिव बोंस हेल्थ पर दें ध्यान







अपनी छोटी सी न्यूक्लियर फैमिली के साथ आशुतोष बैंक में जॉब करते हैं। घर और बाहर दोनों जगह की जिम्मेदारी बखूबी संभालते हैं। सुबह समय पर ऑफिस पहुंचना, बैंक में दिन भर पब्लिक डीलिंग की आपा-धापी, फिर शाम को घर पहुंचकर बच्चों को पढ़ाना और चूंकि एक अखबार के लिए आर्थिक मसले पर साप्ताहिक कॉलम भी लिखते हैं, इसलिए उसकी तैयारी करना। इस सबके अलावा चूंकि उनके मां-बाबूजी गांव में रहते हैं, इसलिए हर दिन उन्हें फोन करना, हाल-चाल पूछना आदि भी उनकी व्यस्त दिनचर्या का हिस्सा होता है। इस सबके बीच पहले जब उन्हें कभी कमर आदि में दर्द होता था, तो वह इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देते थे। लेकिन 45 पार करते-करते उन्हें महसूस होने लगा कि अब उनके शरीर में बदलाव हो रहे है। एक किलोमीटर पैदल चलने पर भी अब उन्हें थकान होने लगती है। उनके एक घुटने में लगातार दर्द रहने लगा है। साथ ही दांतों से संबंधित समस्याएं भी होने लगी हैं। हाल में ही वह जब डॉक्टर से मिले और उनके कहने के मुताबिक चेकअप कराया तो पता चला उनकी हड्डियों में कमजोरी है, उनमें पोषण की कमी है।

## बोंस वीकनेस की वजहें

आशुतोष जी की कहानी हममें से ज्यादातर लोगों की हो सकती है, क्योंकि हम सब युवावस्था में अधिकतर अपनी हड्डियों पर जरा भी ध्यान नहीं देते। कहीं दर्द हुआ तो इसे कोई समस्या मानने की बजाय लाइफस्टाइल का हिस्सा समझते हैं। जबकि हमें तभी अपनी हड्डियों के चेकअप की जरूरत होती है। कहीं पर नियमित दर्द होना खासकर जोड़ों में, हड्डियों से उसका रिश्ता होता है। समय पर हड्डियों पर ध्यान देना इसलिए जरूरी होता है क्योंकि हमारे शरीर का मूल ढांचा वही होती हैं। हड्डियों से संबंधित समस्याएं शरीर में कैल्शियम, विटामिन डी और फास्फोरस की कमी से हो सकती हैं। इस कमी की कई वजहें हो सकती हैं-भोजन में पोषक तत्वों की कमी, एक्सरसाइज बिल्कुल ना करना, शरीर को जरूरी धूप ना मिलना आदि।

## वीक बोंस के लक्षण

चलने-फिरने में थकान महसूस होना, कंधें में या घुटनों में दर्द, पूरे शरीर में दर्द या पैदल चलने के बाद जोड़ों में दर्द होना, ये सब कमजोर हड्डियों के सूचक होते हैं। यदि आपके साथ भी ऐसा है तो अपनी हड्डियों की मजबूती के लिए सचेत हो जाइए।



## नहीं बरतनी चाहिए लापरवाही

अगर डॉक्टर की सलाह पर शुरुआती लक्षणों के सामने आते ही हम इन कमियों को दूर कर लेते हैं तो हड्डियों की समस्याएं समय रहते दूर हो जाती हैं वरना कुछ ही दिनों में विकराल समस्या का रूप ले लेती हैं। विशेषकर महिलाओं के लिए लापरवाही आगे चलकर बड़ी समस्या बन सकती है। दरअसल, हड्डियों की मजबूती काफी हद तक हमारे शरीर में कैल्शियम की मौजूदगी पर निर्भर करती है। शरीर में यदि पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम है तो हड्डियां ताउम्र मजबूत रहती हैं वर्ना शरीर की मांसपेशियों की मांसलता में कमी होते ही ये चटखने लगती हैं। इसलिए मिड एज के बाद कैल्शियम की रेग्युलर टेस्टिंग जरूरी है। इसमें लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

## यंग एज में भी बढ़ रहा रिस्क

वीक बोंस होने पर 45-50 की उम्र पार करते ही कमजोर हड्डियों वाले स्त्री-पुरुषों को ऑस्टियोपोरोसिस घेरने लगता है। लेकिन आजकल खराब लाइफस्टाइल के कारण यह 30 पार करने के बाद भी लोगों को अपनी चपेट में लेने लगा है। दरअसल, दिन के ज्यादातर समय कृत्रिम रोशनी में गुजारने वाले युवकों के शरीर में भी विटामिन-डी3 की कमी हो जाती है। इसके अलावा एक्सरसाइज से बचना स्थिति को और भी गंभीर बना देता है। आजकल आरामपसंद कई लोग छुट्टी वाले पूरे दिन भी वातानुकूलित कमरे गुजार देते हैं। ये लोग भूल जाते हैं कि इनके शरीर को विटामिन-डी3 की भी आवश्यकता है, जो सूरज की धूप से नेचुरली मिलती है। आजकल लोग अपने छोटे बच्चों को भी घर के बाहर धूप में खेलने नहीं देते इसलिए बचपन से ही हड्डियों की मजबूती खतरे में पड़ जाती है। चिकित्सकों का मानना है कि धूम्रपान, नशा और आरामतलब जीवनशैली का सबसे ज्यादा बुरा असर हड्डियों पर ही पड़ता है।

### रेग्युलर टेस्ट है जरूरी



आज की लाइफस्टाइल को देखते हुए तीस साल की उम्र के बाद एक बार हड्डियों की जांच जरूर करा लेनी चाहिए ताकि पता चल सके कि हमारी हड्डियों की स्थिति क्या है? चालीस साल से ऊपर की महिलाओं और 50 साल के ऊपर के पुरुषों के लिए तो यह जांच अनिवार्य हो जाती है। साथ ही कुछ-कुछ सालों के अंतराल पर बोन डेंसिटी टेस्ट भी कराते रहना चाहिए।

## न्यूट्रिशस डाइट-एक्सरसाइज

स्ट्रॉन्ग बोंस के लिए बचपन और टीनएज में खान-पान ऐसा होना चाहिए, जिससे हड्डियों को पूर्ण पोषण मिल सके। प्रतिदिन एक गिलास दूध या दूध से बने खाद्य पदार्थ पनीर, मक्खन, दही आदि खाना चाहिए। हर दिन 20 से 25 मिनट धूप में रहना चाहिए। इस सबके साथ हर दिन कम से कम आधा घंटा व्यायाम बहुत जरूरी है। व्यायाम के लिए स्वीमिंग, ऐरोबिक्स या साइक्लिंग जैसी एक्सरसाइज कम उम्र के लोगों के लिए उपयुक्त होती है। 40-50 साल की आयु के बाद एक्सरसाइज में ब्रिस्क वॉक जैसी एक्सरसाइज हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी होती है। लेकिन शरीर में कैल्शियम और विटामिन-डी3 कमी को पूरा करने के लिए कोई भी सप्लीमेंट डॉक्टर की सलाह पर ही लेनी चाहिए। *



### तब हो जाएं एलर्ट

- अगर जरा सी चोट लगने पर फ्रेक्चर हो जाए।
- हड्डियों और जोड़ों में अकसर दर्द रहता हो।
- नाखून कमजोर हों और जरा सी चोट पर फट जाते हों।
- नाखून बहुत धीमी रफ्तार से बढ़ते हों और टूटकर उल्टी दिशा में मुड़ जाते हों।
- दिन भर थकान महसूस होती हो।



---

**हेल्थ स्टडी**

# बचपन में हाई बीपी कई गुना बढ़ाता है स्ट्रोक का रिस्क

आज के दौर में दिल के दौरे और स्ट्रोक के मामले में काफी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। लोग मानते हैं कि अनियमित खान-पान के कारण ऐसा हो रहा है। लेकिन हाल ही में हुई एक स्टडी में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि बचपन और किशोरावस्था में होने वाला हाई ब्लड प्रेशर, वयस्क होने पर दिल के दौरे और स्ट्रोक जैसे गंभीर स्वास्थ्य खतरों को चार गुना तक बढ़ा देता है। बचपन में होने वाले हाई ब्लड प्रेशर को लेकर किया गया यह शोध कनाडा के ओंटारियो में 1996 से 2021 के बीच 25,605 बच्चों और किशोरों पर किया गया, जिनमें हाई बीपी की समस्या थी। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन बच्चों और किशोरों में बचपन से ही हाई ब्लड प्रेशर था, उनमें बड़े होने पर दिल का दौरा, स्ट्रोक या दिल से जुड़ी सर्जरी का खतरा उन लोगों की तुलना में दो से चार गुना अधिक था, जिनमें यह समस्या नहीं थी। कनाडा के शोधकर्ताओं का यह शोध हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने और कम उम्र में ही इसके खतरों को कम करने के महत्व को रेखांकित करता है।



शोधकर्ताओं ने अपने इस शोध से निष्कर्ष निकाला कि बचपन में हाई ब्लड प्रेशर का वयस्क जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है और यह दिल की बीमारियों का एक प्रमुख जोखिम कारक है। शोधकर्ताओं का यह शोध इस बात पर जोर देता है कि बच्चों और किशोरों में हाई ब्लड प्रेशर को जल्दी पहचानना और उसका इलाज करना बेहद जरूरी है। बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर के लक्षणों को पहचानना मुश्किल हो सकता है क्योंकि अकसर सामान्य लक्षणों जैसे सिरदर्द, थकान, नाक से खून आना और सांस लेने में तकलीफ के कारण लोग भ्रमित हो जाते हैं। बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें मोटापा, परिवार में हाई ब्लड प्रेशर का इतिहास, किडनी की समस्याएं और कुछ दवाएं शामिल हैं। बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर का इलाज लाइफस्टाइल में बदलाव, दवाओं और अन्य मेडिकल ट्रीटमेंट के माध्यम से किया जा सकता है। लाइफस्टाइल में बदलाव जैसे हेल्दी डाइट, नियमित व्यायाम और बैलेंस्ड बॉडी वेट रखना हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस बारे में शोधकर्ताओं का कहना है कि इस समस्या से बचने के लिए माता-पिता को अपने बच्चों की सेहत के प्रति सजग रहना चाहिए और नियमित रूप से बच्चों की जांच करानी चाहिए। *

**प्रस्तुति: अजेश कुमार**

---

**अवेयरनेस**

**शिखर चंद जैन**

आमतौर पर माना जाता है कि कैल्शियम की कमी से केवल बोंस वीक होती हैं। यह तो सही है ही लेकिन इससे हेल्थ संबंधी कई और प्रॉब्लम्स भी हो सकती हैं। इनके बारे में आपको जरूर पता होना चाहिए।

# कैल्शियम की कमी से हो सकती कई प्रॉब्लम्स



शरीर में कैल्शियम की कमी से कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इसलिए अपने भोजन में इस महत्वपूर्ण मिनरल की कमी ना होने दें, इस बात का पूरा ध्यान रखें।

**दांत और हड्डी:** शरीर में कैल्शियम की कमी का सबसे पहले दांतों और हड्डियों पर विपरीत असर पड़ता है। शरीर में मौजूद 99 फीसदी कैल्शियम दांतों और हड्डियों के निर्माण में ही काम आता है। बाकी मसल्स और टिश्यू की कार्यप्रणाली को दुरुस्त करने में काम आता है। जब हम अपनी डाइट में कैल्शियम नहीं लेते, तो हड्डियां और नाखून कमजोर होने लगते हैं और जोड़ों के दर्द की समस्या भी होने लगती है।

**अनियमित हार्ट बीट:** हार्ट के सही तरीके से काम करने के लिए भी कैल्शियम बेहद जरूरी है। इसके अभाव में हृदय की धड़कन यानी हार्ट बीट्स बढ़ सकती हैं, जिससे बेचैनी महसूस हो सकती है। कैल्शियम हार्ट को ब्लड की पंपिंग में मदद करता है और इसकी कार्यप्रणाली को स्मूद करता है।

**न्यूरो प्रॉब्लम:** कैल्शियम की कमी, सिरदर्द और मिर्गी के दौरे का सबब बन सकती है। सिर में अत्यधिक दबाव के कारण टीस सी उठने लगती है। कई बार इस मिनरल की कमी डिप्रेशन, अनिद्रा, पर्सनालिटी चेंज और डिमेंशिया जैसे न्यूरोसाइकिएट्रिक समस्याओं का भी सबब बन जाती है।

**मांसपेशियों में ऐंठन:** अगर मांसपेशियों में रह-रहकर खिंचाव आ जाता है, तेज दर्द होता है या ऐंठन आने लगती है, तो समझ जाएं कि यह कैल्शियम की कमी के शुरुआती संकेत हैं। कैल्शियम की कमी से पैरों की मसल्स और जोड़ों के आस-पास क्रैंप्स आते हैं। ऐसा अधिकतर रात के वक्त होता है।

**ड्राइ स्किन-एक्जीमा:** शरीर में कैल्शियम की पर्याप्त मात्रा रहने से स्किन की नमी बरकरार रहती है। अगर आपकी त्वचा रूखी और बेजान है, तो यह कैल्शियम डेफिसिएंसी का संकेत हो सकता है।

**अंगों में सुन्नता:** अगर अंगों में सुन्नता या शिथिलता महसूस होने लगे, तो यह कैल्शियम की कमी की ओर इशारा करता है। इसका समय रहते उपाय ना किया जाए, तो ओस्टियोपोरोसिस की आशंका बढ़ जाती है।

**पीएमएम के लक्षण:** कैल्शियम की कमी से महिलाओं में प्रीमेंस्ट्रुअल सिंड्रोम के लक्षण तीव्र हो जाते हैं। पीठ, कमर और पेट में दर्द अधिक होने लगता है। कुछ महिलाओं में तो ब्लड फ्लो भी बढ़ जाता है।

**दांतों में पीलापन:** शरीर में मौजूद कैल्शियम को दांत भी एब्जॉर्ब करते हैं। जब इसकी कमी होने लगती है तो दांतों में पीलापन नजर आने लगता है। इस तरह दांतों में पीलेपन की एक वजह कैल्शियम की कमी भी हो सकती है।

**कैल्शियम की डोज:** वयस्क पुरुष को प्रतिदिन 1200 एमजी कैल्शियम की जरूरत होती है, महिला को 1500 एमजी और बच्चों को 1000-1200 एमजी की जरूरत होती है। कुछ फूड्स के प्रति 100 ग्राम में कैल्शियम की मात्रा इस प्रकार होती है- गेहूं में 50 एमजी, सोयाबीन में 260 एमजी, मटर में 200 एमजी, राजमा में 240 एमजी, गाय के दूध में 120 एमजी, स्किम्ड मिल्क में 120 एमजी और दही में 150 एमजी। इस आधार पर अपनी डाइट प्लान कर सकते हैं। लेकिन आहार में कैल्शियम सप्लीमेंट शामिल करने से पहले डॉक्टर से सलाह अवश्य ले लें। अपने मन से सप्लीमेंट लेने का फैसला नुकसानदायक हो सकता है। *

**(डायटीशियन संगीता मिश्र से बातचीत पर आधारित)**

---

**अवेयरनेस**

**डॉ. एम. अलीम**

ब्रेन स्ट्रोक एक सीरियस मेडिकल डिजीज है। हर साल 29 अक्टूबर को वर्ल्ड स्ट्रोक-डे मनाया जाता है, ताकि इसकी गंभीरता के बारे में ना सिर्फ आम लोगों को जागरूक किया जा सके बल्कि इसके उपचार और बचाव के संबंध में भी बेहतर तैयारी की जा सके।

# ब्रेन स्ट्रोक मेडिकल ट्रीटमेंट में ना करें देर



ब्रेन स्ट्रोक को आमतौर पर सिर्फ 'स्ट्रोक' भी कहा जाता है। किसी इंसान को स्ट्रोक तब पड़ता है, जब मस्तिष्क को रक्त की जरूरी आपूर्ति अवरुद्ध हो जाती है। इस प्रक्रिया को सेरेब्रो वेस्कुलर दुर्घटना (सीवीए) भी कहा जाता है। वास्तव में जब मस्तिष्क की रक्त आपूर्ति बाधित हो जाती है तो उसे पर्याप्त ऑक्सीजन या पोषक तत्व नहीं मिलते हैं, इससे स्ट्रोक आ जाता है।

**कई तरह के स्ट्रोक:** स्ट्रोक की अलग-अलग प्रकृति होती है। यह कुछ मिनटों से लेकर कई दिनों तक रह सकता है। स्ट्रोक होने के बाद, लोग अलग-अलग समय सीमा के भीतर ठीक हो जाते हैं, जिसमें स्ट्रोक की गंभीरता के आधार पर महीनों या साल भी लग सकते हैं। साथ ही कुछ के लक्षण 24 घंटे में भी गायब हो जाते हैं। दरअसल, नसों में ब्लड क्लॉट जमने से मिनी स्ट्रोक पड़ता है। जिससे खून पूरी गति के साथ घूम नहीं पाता है। लेकिन ये ब्लड क्लॉट छोटे और अस्थाई होते हैं और कुछ ही देर में वापस घुल जाते हैं। लेकिन इस स्थिति को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और डॉक्टर से तुरंत कंसल्ट करना चाहिए।

**चिंताजनक हैं आंकड़े:** वर्ष 1990 में ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज के एक अध्ययन के मुताबिक ब्रेन स्ट्रोक दुनिया भर में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण था। साल 2010 में यह अध्ययन दोबारा से हुआ और तब पता चला कि दुनिया में हर साल 58.70 लाख लोगों की मौत स्ट्रोक के कारण हो जाती है। जबकि 1990 में जब पहली बार इस पर अध्ययन हुआ था, तब इससे हर साल 46.60 लाख लोगों की मौतें हो रही थीं। कहने का मतलब यह कि 1990 से 2010 के बाद यानी दो दशकों में स्ट्रोक से होने वाली मौतों में 26 फीसदी का इजाफा हुआ। इसके बाद से भी लगातार स्ट्रोक की घटनाओं में वृद्धि हो रही है।

**स्ट्रोक के कारण:** स्ट्रोक का सबसे बड़ा नींद की कमी, खान-पान और एक्सरसाइज में संतुलित तालमेल का ना होना, मोटापा, ब्लड प्रेशर और प्रदूषण जैसी समस्याओं के कारण स्ट्रोक की समस्या बेलगाम हो गई है। पहले जहां स्ट्रोक एक उम्र के बाद आया करता था, वहीं अब यह किसी भी उम्र के व्यक्ति को आ जाता है। साथ ही महिलाओं को स्ट्रोक आने की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। स्ट्रोक कम उम्र के नौजवानों को भी अब ज्यादा चपेट में ले रहा है।

**इससे बढ़ता है रिस्क:** जब हमारा उच्च रक्तचाप नियंत्रण से बाहर होता है। हमारी आहार आदतों के कारण कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाती है। मधुमेह अनियंत्रित होती है, फलों और सब्जियों की हमारे खान-पान में बिल्कुल ही नहीं या बहुत कम भागीदारी होती है, तो ब्रेन स्ट्रोक की आशंका बढ़ जाती है। इससे बचने के लिए धूम्रपान पूरी तरह से छोड़ दें, शराब बिल्कुल ना पीएं, हर दिन मौसमी फल और हरी सब्जियां जरूर खाएं।

**अवेयरनेस है जरूरी:** आज की तारीख में भारत में स्ट्रोक एक बहुत बड़ी स्वास्थ्य चिंता है। विश्व स्ट्रोक दिवस मनाये जाने के पीछे मकसद यह है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इसकी भयावहता को समझें और इसके संकेतों, लक्षणों आदि से जागरूक हों, ताकि असमय मृत्यु से बचने की कोशिश कर सकें। *




तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 24 अक्टूबर 2024

14 जिपं की सामान्य सभा में स्कूल जतन योजना के...



14 जनदर्शन में इंदुल नाले पर पुल बनाने की मांग





NEW HOLLAND अब आपके और भी नजदीक में न्यू हालैण्ड डीलर चारामा SWASTIK AGRO
6 YEARS WARRANTY
भव्य ॥ शुभारंभ ॥
स्वास्तिक एग्रो
पेट्रोल पंप के बाजू, धमतरी रोड, चारामा माहुद
हर्षित अग्रवाल 8319216030, आयुष अग्रवाल 8109711532
सर्वाधिक PTO एवं खींचने की क्षमता
HP हाइड्रौलिक लिफ्टिंग क्षमता - 1500 Kg
श्रेणी में सर्वाधिक रोड स्पीड 33.06 kmph
श्रेणी में सर्वाधिक रोड स्पीड 33.06 kmph



## खबर संक्षेप



### जिला जेल में विधिक शिविर का आयोजन

**कांकेर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्धारित विषय स्पेशल फोकस ऑन अंडरट्रायल प्रिजनर्स के संबंध में 23 अक्टूबर को जिला जेल में शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भास्कर मिश्र द्वारा जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान उन्होंने बंदियों की समस्याएं और उनकी शिकायतों को सुना। जिन बंदियों के पास वकील नहीं था, उन्हें निःशुल्क वकील उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। निरीक्षण दौरान जिला जेल अधीक्षक संदीप कश्यप, प्रतधारक अधिवक्ता सागर गुप्ता उपस्थित रहे।

### गोवर्धन पूजा पर राज्य स्तरीय डांस स्पर्धा होगी

**चारामा।** शीतलापारा सिरसिदा में 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा के अवसर पर राज्य स्तरीय लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता सिरसिदा ग्रामवासियों द्वारा आयोजित की गई है, जिसमें सामूहिक, युगल एवं एकल नृत्य की श्रेणियों में प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। कार्यक्रम का आयोजन शीतला पारा सिरसिदा में होगा, जिसका शुभारंभ रात 7 बजे से किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। जिसमें सामूहिक नृत्य प्रथम पुरस्कार 10002, द्वितीय पुरस्कार 5002 एवं तृतीय पुरस्कार 3002 रुपए, युगल नृत्य प्रथम पुरस्कार 3502, द्वितीय पुरस्कार 2502 एवं तृतीय पुरस्कार 2002 रुपए दिया जाएगा। एकल नृत्य प्रथम पुरस्कार 3002, द्वितीय पुरस्कार 2002 एवं तृतीय पुरस्कार 1502 रुपए रखा गया है।

# बीएसएफ की अंतर वाहिनी वालीबाल स्पर्धा में पखांजूर ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

बीएसएफ के टेक मुख्यालय भानुप्रतापपुर में अंतर वाहिनी वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 47 वीं वाहिनी, 94 वीं वाहिनी, 133 वीं वाहिनी और 178 वीं वाहिनी का अमला शामिल हुआ। इस प्रतियोगिता में बीएसएफ अमला के अलावा 50 प्रतिशत नक्सल प्रभावित दूरदराज के क्षेत्रों के युवाओं को भी सम्मिलित किया गया।

अंतर वाहिनी वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 23 अक्टूबर को भानुप्रतापपुर में किया गया। आयोजित खेल दुर्ग सेक्टर के उपमहानिरीक्षक वीएम वाला की निगरानी में करवाएं गए। कमांडेट टी. मोहन ने कहा कि यह एक ऐसा प्रयास है, जिसमें क्षेत्र के युवाओं को बल के साथ घुलने मिलने, उनके मन में बल व देश के प्रति सम्मान व सुरक्षा को भाव बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। खेल में युवाओं की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें नए अवसर प्रदान करने की कोशिश की जा रही है। बीएसएफ के द्वारा किए जा रहे सिविक एक्शन प्रोग्राम, खेल प्रतियोगिताएं व स्किल डेवलपमेंट के चलते दूर दराज के क्षेत्रों के लोग बल के साथ तेजी से घुल मिल रहे है, जिसका सकारात्मक प्रभाव निः संदेह नक्सल उन्मूलन योजनाओं पर पड़ेगा। बीएसएफ जिस ईलाके में पदस्थ है, उस ईलाके की जनता व युवा लगातार बीएसएफ के साथ बेहतर संबंध स्थापित करने में कामयाब हो रहे, उसी का प्रभाव है कि इस ईलाके के युवा अब रोजगार के लिए बीएसएफ से मार्गदर्शन भी ले रहे है।

## नक्सल इलाके के युवाओं की खेल में रही बेहतर भूमिका



### 47 बटालियन प्रथम

भानुप्रतापपुर में 23 अक्टूबर को आयोजित खेल में 47 वीं बटालियन पखांजुर ने 178 बटालियन दुर्गुकोंदल की टीम को 3-0 के सीधे सेट में हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर 47 बटालियन कमांडेंट विरेंद्र नाथ गांगुली, 47 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी शैलेंद्र कुमार शर्मा सिविल युवाओं को प्रोत्साहन स्वरूप पुरूस्कृत किया गया। विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी दी गई।

## सियासत : सदस्य बनाने की प्रकिया पूरी होने के बाद होंगे संगठन चुनाव

# कांकेर जिला भाजपा संगठन के 5 साल पूरे, पर नई टीम का नहीं हो पाया गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव के चलते टल सकते हैं संगठन चुनाव

भाजपा के मंडल अध्यक्षों का चयन 23 अक्टूबर 2019 को हुआ था और उसके बाद अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। संगठन की वर्तमान टीम का कार्यकाल तीन साल के बजाए पाँच साल हो गए है, उसी का प्रभाव है कि संगठन में जो मजबूती दिखनी चाहिए, वो अब नहीं दिख रही है। भाजपा अभी सदस्य बनाने में जुटी है और सदस्य बनने के बाद चुनाव होना तय है। संगठन चुनाव नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव के पहले होते है या बाद में, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि तीन साल में नए लोगों को जिम्मेदारी मिलनी चाहिए थी, परंतु नहीं मिली।

संगठन का कार्यकाल समय पर पूरा होने पर नई टीम दिए जाने से कार्यकर्ताओं में नई उर्जा का संचार होता रहता है, परंतु भाजपा के मंडल से लेकर जिले के पदाधिकारी का कार्यकाल पाँच साल पूरा हो गया है, परंतु पाँच साल में कोई बदलाव नहीं किया गया। कांकेर में इस संगठन में कई उपचुनाव के साथ विधानसभा व लोकसभा के चुनाव हुए। समीक्षा में कई प्रकार के आरोप व प्रत्यारोप भी लगे। मेरा बूथ, सबसे मजबूत वाला स्लोगन कांकेर में पूरी तरह से फेल नजर आया। भाजपा के जिम्मेदार अपने बूथ में बुरी तरह से हारे और यह मुद्दा भी प्रदेश की समीक्षा की बैठक में गरमाया था। संगठन का चुनाव 2019 में तब हुआ था, जब प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष विक्रम उसेंडी थे, उसके बाद किरण देव तीसरे प्रदेशाध्यक्ष हो गए, परंतु जिले के संगठन जस का तस बना हुआ है। जिले में अब कई ऐसे पदाधिकारी है, जो पदों पर आसीन है, परंतु काम करने के बजाय काम करने से कतराते रहते है। पुरानी टीम होने के चलते उर्जा का जो संचार संगठन में दिखना चाहिए, वो नहीं दिख रहा है।



### सभी ने साधा मौन

संगठन चुनाव को लेकर हरिभूमि ने भाजपा के कई जिम्मेदार से इस विषय पर बात करने का प्रयास किया, परंतु सभी ने मौन साध लिया। इस मुद्दे पर हर जिम्मेदार कुछ भी बोलने से कतरा रहा है। कुछ जिम्मेदारों का यहीं कहना है कि सदस्य बनने की प्रकिया पूरी जो जाने के बाद संगठन चुनाव होना तय है।

### डेढ़ लाख बनाना है सदस्य

भाजपा संगठन अभी सदस्य बनाने के लिए लक्ष्य दिया गया है और लक्ष्य के तहत जिले में कम से कम डेढ़ लाख के आसपास सदस्य बनना चाहिए, परंतु अभी तक आंकड़ा एक लाख से कम है। सदस्य बनाने के लिए जिसे जो लक्ष्य दिया गया है, उस लक्ष्य में किसने हासिल किया, इसका खुलासा अभी नहीं हुआ है। सक्रिय सदस्य बनाने की प्रकिया अब शुरू हो चुकी है और सक्रिय सदस्य के लक्ष्य पूरा हो पाएगा या नहीं, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। सदस्य व सक्रिय सदस्य बनाने को लेकर एक यह भी मामला आया है कि जिम्मेदार पदाधिकारी अपने ईलाके को छोड़कर दूसरे के ईलाके में पहुँचकर सदस्य बनाने का काम किया है, जिसे लेकर कई प्रकार की चर्चाओं का बाजार गरम रहा।

# टीबी मुक्त भारत अभियान को मिल रहा समाजिक संस्थाओं का सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



- 15 मरीजों को लिया गया गोद

जिले में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान को समाजसेवी संस्थानों व संगठनों से भी भरपूर समर्थन और व्यापक सहयोग मिल रहा है। कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया के मार्गदर्शन में जिलेभर में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत 23 अक्टूबर को जिला क्षय उन्मूलन केंद्र में नगर की समाजसेवी संस्था जनसहयोग के द्वारा 15 मरीजों को गोद लेकर उन्हें पौष्टिक आहार प्रदान किया गया। संस्था के संचालक अजय पप्पू मोटवानी ने गोद लिए गए सभी मरीजों का स्वास्थ्य संबंधी हाल-चाल पूछकर जल्द सेहतमंद होने हेतु शुभकामनाएं भी दी। गौरतलब है कि देशभर में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य देश को इस रोग से पूर्ण रूप से मुक्त करने की परिकल्पना को साकार करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठनों, व्यापारी वर्ग, अधिकारी-कर्मचारी वर्ग सहित आम नागरिकों से अपील की है कि जिले को टीबी मुक्त करने हेतु निक्षय मित्र बनकर मरीजों को गोद लेकर टीबी मुक्त भारत अभियान में अपना बहुमूल्य सहयोग दे सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

### तमोड़ा में महिला प्रो कबड्डी स्पर्धा 27 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम तमोड़ा मंजियाल में महिला वर्ग तीन दिवसीय प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 27 अक्टूबर से किया जा रहा है । स्पर्धा का समापन 29 अक्टूबर को होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय बघेल, उपाध्यक्ष जागेश नरेटी, सचिव तिलक कोमरा, कोषाध्यक्ष पंकज कोमरा, मुकेश कोमरा ने बताया कि महिला प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की तैयारी में ग्रामीण और समिति के पदाधिकासरी जुटे हुए हैं।

# शिक्षक संघर्ष मोर्चा का आज जिला स्तरीय वृहद आंदोलन

- मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री, शिक्षा मंत्री को सौंपेंगे ज्ञापन

**कांकेर।** शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने प्रथम नियुक्ति से सेवा की गणना, क्रमोन्नति सहित अन्य मांगों को लेकर आज 24 अक्टूबर को प्रांत व्यापी आंदोलन के तहत समस्त जिलों सहित कांकेर जिले में भी आंदोलन किया जाएगा। मामले में मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव के नाम से कलेक्टर कांकेर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ का कहना है एलबी संवर्ग के शिक्षकों का संविलियन तो हुआ है, किंतु पहले की सेवा शून्य कर दी गई।

ज्ञात हो कि भाजपा सरकार ने चुनाव के पूर्व शिक्षक एलबी संवर्ग की वेतन विसंगति, पुरानी सेवा को जोड़कर पेंशन योग्य सेवा घोषित करने के लिए घोषणा पत्र में सम्मिलित किया था। भाजपा सरकार के द्वारा आज तक एलबी संवर्ग की समस्याएं पूरा नहीं किया गया, जिससे शिक्षक एलबी संवर्ग में भारी रोष व्याप्त है। संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय एवं जिला संचालक गण वाजिद खान, हेमेंद्र साहसी, स्वदेश शुक्ला, अमित राठौर, नंद अट्ठभैया सहित समस्त विकासखंड कोयलीबेडा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, दुर्गुकोंदल, कांकेर व चारामा के ब्लॉक संचालक के नेतृत्व में 24 अक्टूबर को जिले भर के एलबी संवर्ग के शिक्षक सामूहिक अवकाश लेकर जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन में नए बस स्टैंड के समीप डोम में सम्मिलित होंगे। पूर्व सेवा गणना मिशन के तहत ▸▸ शेष पेज 12 पर

# आरएसएस स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

- वर्तमान की परिस्थिति और चुनौतियां, देश के लिए गंभीर

**भानुप्रतापपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भानुप्रतापपुर खंड व नगर द्वारा विजयादशमी उत्सव के अवसर पर स्वयं सेवकों ने पथ संचलन किया। भानुप्रतापपुर नगर में सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर मैदान से पूर्ण गणवेश में घोष के साथ स्वयंसेवकों ने पथ संचलन कर नगर भ्रमण किया गया। नगर के कई स्थानों पर भगवा ध्वज एवं स्वयंसेवकों पर हिंदू समाज द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया गया । पथ संचलन के पश्चात विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम में पहुंचे प्रांतीय पदाधिकारी सतीश ने मुख्यवक्ता के रूप में अपने उद्बोधन में संघ के विकास क्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज वर्तमान में जो परिस्थितियां व चुनौतियां हैं, वह बहुत ▸▸ शेष पेज 12 पर



## जेपी इंटरनेशनल स्कूल कांकेर में स्कॉलास्टिक बुक फेयर का उद्घाटन

# डिजिटल युग में बुक फेयर जिज्ञासा व ज्ञान पिपासा को करता है जागृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- नई-नई किताबों से विश्व की जानकारी प्राप्त करने में मदद मिलेगी

जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल में 23 अक्टूबर को स्कॉलास्टिक बुक फेयर का शुभारंभ क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल के भौतिक शास्त्र के प्रोफेसर चक्रधर बेहरा के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य रितेश चौबे की अध्यक्षता व उप प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा के विशेष आतिथ्य में हुआ।

बुक फेयर के शुभारंभ के अवसर पर अतिथियों के द्वारा देवी सरस्वती की पूजा से हुई, जिसके पश्चात संगीत विभाग द्वारा स्वागत गीत की मधुर प्रस्तुति दी गई। प्रोफेसर चक्रधरबेहरा ने फीता काटकर बुक फेयर मेले का उद्घाटन किया और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तकें ज्ञान का सजीव स्त्रोत हैं और पढ़ाई की आदत विकसित करने में सहायक होती हैं। प्राचार्य ने कहा कि इस पुस्तक मेले का मुख्य उद्देश्य छात्रों में आज के डिजिटल युग में किताबों के गहरी रुचि और ज्ञान की लालसा को जागृत करता है इस आयोजन से न केवल छात्रों की पठन आदतों में सुधार होता है, बल्कि उन्हें नए विषयों और विचारों से अवगत होने का भी अवसर मिलता है। स्कॉलास्टिक बुक फेयर हमारे छात्रों के लिए एक विशिष्ट अवसर है, जहाँ वे विभिन्न विषयों की पुस्तकों से जुड़ सकते हैं और अपनी पढ़ाई की आदत को मजबूत कर सकते हैं। यह मेला उनके ज्ञान में वृद्धि करेगा और उन्हें नई-नई किताबों के माध्यम से विश्व की जानकारी प्राप्त करने में मदद करेगा। हम सभी अभिभावकों और कांकेर के नागरिकों से अनुरोध करते हैं कि इस मेले में बढ़-चढ़कर भाग लें और इसे सफल बनाएं। बुक फेयर में शैक्षणिक, साहित्यिक, विज्ञान, कला, इतिहास और बच्चों की पुस्तकों सहित विभिन्न प्रकार की पुस्तकों का प्रदर्शन ▸▸ शेष पेज 12 पर





पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र
के सुधि पाठको को सूचित किया जाता है कि भानुप्रतापपुर शहर एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि में खबरों, विज्ञापन एवं समाचार प्रतियां (अखबार) प्राप्त करने के लिये अब निम्न पते पर संपर्क करें
हरिभूमि यश न्यूज एजेंसी
संवाददाता - अभिषेक पाण्डेय
मेन चौक, कांकेर रोड, कमल सायकल के सामने, पूजा इलेक्ट्रिकल
मो. 9407909500

## खबर संक्षेप



### महिलाओं को जल प्रबंधन परीक्षण में बना रहे पारंगत

**कोण्डागांव।** जल जीवन मिशन से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का समाधान करने के साथ–साथ महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। मिशन का उद्देश्य हर घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही जल संरक्षण और परीक्षण में महिलाओं की भागीदारी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत उन्हें जल परीक्षण, जल संरक्षण के उपाय और जल प्रबंधन की ट्रेनिंग दी जा रही है। इस प्रकार जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका रही हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के माकड़ी विकासखण्ड के उप स्वास्थ्य केन्द्र माकड़ी, कोण्डागांव विकासखण्ड अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्र कोण्डागांव में तथा केशकाल विकासखण्ड के उप स्वास्थ्य केन्द्र केशकाल में मितानीन मॉस्टर ट्रेनर को जल जीवन मिशन योजना के तहत जल परीक्षण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में पानी से होने वाले जल जलीय बीमारियों के बारे में बताया गया। पानी में पाये जाने वाले खनिज तत्व की मात्रा कितनी होनी चाहिए व जल में मात्रा अधिक होने से उनके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल का परीक्षण कर दिखाया गया। इस अवसर पर विकासखण्ड समन्वयक राजेन्द्र मरई, श्रीमती पियम दुर्गा, यूनिसेफ किशन साहू, डब्लू.क्यू.एम.एस. समन्वयक मिथलेश कुमार साहू, प्रयोगशाला सहायक श्यामलाल कोर्राम एवं पतिराम मरकाम उपस्थित रहे।

### महाविद्यालयों की जनभागीदारी समितियों में अध्यक्षों की नियुक्ति



**धनोरा।** सचिव मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल से जारी दिशा निर्देश तथा निहित प्रावधानों के तहत उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने एवम नवीन महाविद्यालयो के विकास के परिपेक्ष्य केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम के अनुशंसा पर जिला प्रभारी मंत्री, की अनुशंसा पर कलेक्टर ने केशकाल विधानसभा के चारों नवीन महाविद्यालयों की जनभागीदारी समित अध्यक्ष का नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। आदेश में भुपेश चंद्राकर, नवीन दंडकारण्य महाविद्यालय, प्रशांत पात्र, महाविद्यालय फरसगांव, सुखाराम मरकाम, महाविद्यालय, विश्रामपुरी और राकेश कुमार पोटाई को नवीन महाविद्यालय धनोरा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### रोमांचक मुकाबले में कुम्हारपारा को वीसी बस्तर ने हराया

**जगदलपुर।** स्व. रतन टाटा की स्मृति में कालीपुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में ड्यूजबाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। बुधवार को खेले गये मैच में टॉस जीतकर वीसी बस्तर ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दिनेश जाना और रविंद्र ठाकुर सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 29 रनों की साझेदारी की। टीम का पहला विकेट दिनेश जाना कुम्हारपारा के गेंदबाज मोहन बस्तरिया की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद दूसरे छोर से रविंद्र ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए केवल 54 गेंद का सामना कर ताबड़तोड़ 67 रन बनाकर सत्यम चौहान की गेंद पर आउट हुए। निचले क्रम में रितेश राव ने 21 रन पंकज सोनी ने 10 रन का योगदान दिया। टीम ने 144 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुम्हारपारा की पूरी टीम 131 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। शंकर बघेल ने 36 गेंद का सामना कर 43 रन और हर्ष देवांगन ने 21 रन का योगदान दिया।

### शिक्षक मोर्चा की मांगों का पिछड़ा वर्ग ने किया समर्थन

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ ने शिक्षक मोर्चा के पांच सूत्रीय मांगों का खुलकर समर्थन किया है। शिक्षक मोर्चा के द्वारा 24 अक्टूबर को प्रान्तव्यापी एक दिवसीय जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया है।

## ग्राम बुयाकीजुगानर और चूरेगांव में इरागांव पुलिस ने लगाया चलित थाना

# ग्रामीणों को सायबर अपराध, ऑनलाइन ठगी बाल विवाह जैसे मुद्दों पर किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

इरागांव थाना पुलिस ने को ग्राम बुयाकीजुगानर और ग्राम चूरेगांव में चलित थाना लगाया। सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के साथ–साथ नशामुक्ति अभियान का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को जागरूक करना और समाज में नशे के बढ़ते प्रभाव को कम करना था। कार्यक्रम कोंडागांव के पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के आदेशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र पटेल के निर्देशानुसार और एसडीओपी केशकाल भूपत धनेश्री के पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं ने भाग लिया। पुलिस टीम ने विभिन्न सामाजिक और कानूनी मुद्दों पर ग्रामीणों को महत्वपूर्ण जानकारी दी।

- सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के साथ–साथ नशामुक्ति अभियान



कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को सायबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, पॉक्सो एक्ट, महिला अपराध, बाल विवाह जैसे संवेदनशील मुद्दों पर जागरूक किया गया। इन विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई और ग्रामीणों को इनसे बचाव के तरीके बताए गए। महिलाओं को विशेष रूप से उनके अधिकारों और कानूनी सुरक्षा के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा, युवाओं को यातायात नियमों के पालन का महत्व समझाया गया। उन्हें मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने के फायदों और इसके न पहनने से होने वाले खतरों के बारे में बताया गया। पुलिस ने युवाओं को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने और सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया।

### युवाओं को नशामुक्ति वॉलिंटियर बनाया

कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा नशामुक्ति अभियान था, जिसके तहत ग्रामीणों को शराब, तंबाकू, बीड़ी, गुड़ाखू आदि नशीले पदाथोंर् के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की समझाइश दी और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत, ग्रामीण युवाओं को नशा मुक्ति वॉलिंटियर के रूप में जोड़ा गया। जिनका उद्देश्य अपने–अपने गांव में नशा मुक्ति अभियान को आगे बढ़ाना और नशे के खिलाफ जागरुकता फैलाना होगा। पुलिस ने इन वॉलिंटियरों को अपने समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

### खेल सामग्री का वितरण

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत, पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार द्वारा प्रदत्त खेल सामग्री का वितरण ग्रामीण युवाओं को किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं को खेलों में रुचि दिलाना और उन्हें नशे से दूर रखना था। खेल सामग्री पाकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। चलित थाना और नशामुक्ति अभियान से ग्रामवासियों में जागरूकता बढ़ी और उन्होंने इस प्रयास की सराहना की। पुलिस द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। इस प्रकार के जनजागरुकता और नशामुक्ति अभियान के आयोजन से पुलिस और ग्रामीणों के बीच बेहतर संबंध स्थापित हो रहे हैं, जो आने वाले समय में समाज के विकास में सहायक सिद्ध होंगे।

## नेशनल लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को अधिक से अधिक रखा जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



नेशनल लोक अदालत के माध्यम से विवादों के समाधान के लिए नए दृष्टिकोण और रणनीतियों पर विचार करने के लिए आज बैठक का आयोजन किया गया। उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव की अध्यक्षता में बैंक प्रबंधकों एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव के विश्राम कक्ष में बैठक आयोजित की गई। आगामी नेशनल लोक अदालत 14 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। बैठक का उददेश्य बैंकिंग क्षेत्र में लंबित विवादों के समाधान के लिए लोक अदालत की प्रक्रिया को प्रभावी बनाना था। बैठक में बैंक प्रबंधक, विद्युत विभाग, नगर पालिका एवं भारत संचार निगम लिमिटेड के कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न बैंकिंग मुददों जैसे लोन रिकवरी, खातों के विवाद और अन्य वित्तीय विवादों पर चर्चा की गई। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से इन विवादों के समाधान के लिए नए दृष्टिकोण और रणनीतियों पर विचार किया गया। सभी बैंक प्रबंधकों को इस प्रक्रिया में भागीदारी की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया गया ताकि त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। प्री–लिटिगेशन प्रकरणों को चिन्हांकित कर अधिक से अधिक आगामी नेशनल लोक अदालत में रखे जाने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कमलेश कुमार जुर्री जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी कोण्डागांव, विक्रम प्रताप चन्द्रा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव, शिव प्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोण्डागांव तथा कु. गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव एवं बैंक, दूरसंचार, नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

- बैंक प्रबंधकों एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ एक दिवसीय बैठक

## आईटीबीपी के कर्मियों को डंक रहित मधुमक्खी पालन का मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

इंडो–तिब्बतन बॉर्डर पुलिस आईटीबीपी के कर्मियों के लिए मधुमक्खी पालन के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद आईसीएआर के राष्ट्रीय कृषि कीट रिसर्च संसाधन ब्यूरो एनबीएआईआर बेंगलूरू द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आईटीबीपी कर्मियों को डंक रहित मधुमक्खी पालन मेलिपोनिकल्चर की वैज्ञानिक विधियों से अवगत कराना है, ताकि वे इस तकनीक का लाभ उठाकर अपने क्षेत्र में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा दे सकें। एनबीएआईआर के निदेशक डॉ. एस.एन. सुशील की अध्यक्षता में किया गया। कोर्स की प्रोजेक्ट डायरेक्टर और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अमला उदयकुमार ने प्रशिक्षण का संचालन किया। इस अवसर पर डॉ. टी.एम. शिवालिंगास्वामी, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल वैज्ञानिक, ने विस्तार से प्रशिक्षण के उद्देश्यों और महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भुवनेश्वर स्थित आईटीबीपी के क्षेत्रीय मुख्यालय और कोंडागांव के अधीन वाहिनियों के 26 आईटीबीपी कर्मियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में उन्हें डंक रहित मधुमक्खी के पालन की तकनीक और उसके आर्थिक फायदों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बल के कार्मिकों को मधुमक्खी पालन के व्यवसायिक लाभ और इसके पर्यावरणीय महत्व से परिचित कराना है।




### भविष्य में भी होगा इस तरह के कार्यक्रम

आईसीएआर – एनबीएआईआर द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण के सफल समापन के बाद भविष्य में भी इस तरह के कोर्स बल के अन्य कर्मियों के लिए आयोजित किए जाएंगे। मधुमक्खी पालन के इस प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी का लाभ कर्मी न केवल अपने व्यक्तिगत जीवन में उठा सकेंगे, बल्कि इस व्यवसाय के जरिए अपनी आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर सकेंगे। इस कार्यक्रम के जरिए मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में आईटीबीपी के कर्मियों की दक्षता में वृद्धि होगी, जिससे वे इस व्यवसाय को अपनाकर अपनी आय के स्रोतों को भी बढ़ा सकेंगे।

### मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम

मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के कृषि एवं गृह मंत्रलय द्वारा एक राष्ट्रीय स्तर पर हनी बी कीपिंग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों को इस व्यवसाय से जोड़ना है। इसके तहत, मधुमक्खी पालन के जरिए छोटे उद्योगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जो न केवल आजीविका के नए अवसर प्रदान करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगा। इस कार्यक्रम का आयोजन आईटीबीपी के सेंट्रल फ्रंटियर मुख्यालय, भुवनेश्वर के आईजी अशोक कुमार नेगी और उप महानिरीक्षक राणा युद्धवीर सिंह की पहल पर किया गया है। इस कोर्स के तहत आईटीबीपी के कर्मियों को मधुमक्खी पालन की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया जा रहा है, ताकि वे इस क्षेत्र में नए अवसरों का लाभ उठा सकें और अपने आसपास के समुदाय को भी इस व्यवसाय में सम्मिलित कर सकें। कार्यक्रम में डॉ. के. सुबाहरन, प्रिंसिपल वैज्ञानिक और डॉ. टी. प्रभुलिंगा, वैज्ञानिक कीट विज्ञान भी उपस्थित रहे। जिन्होंने इस प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए।

## उच्च प्राथमिक शाला कुम्हारपारा में लगा विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

उच्च प्राथमिक शाला कुम्हारपारा में सोमवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके विधिक अधिकारों और विभिन्न कानूनों के प्रति जागरूक करना था। शिविर का आयोजन उत्तरा कुमार कश्यप, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में किया गया। संचालन कु. गायत्री साय, व्यवहार न्यायाधीश और सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया गया। इसके साथ ही सुरेन्द्र भट्ट, प्रतिधारक अधिवक्ता, प्रबंध कार्यालय, कोण्डागांव ने भी अपनी उपस्थिति और मार्गदर्शन से बच्चों को विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों और उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। शिविर के दौरान उपस्थित छात्र–छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह पर रोक लगाने और इसे प्रोत्साहन देने वालों के लिए निर्धारित दंड के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा, बच्चों की सुरक्षा और जागरुकता के लिए गुड टच और बैड टच की जानकारी दी गई। बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही, मानव तस्करी, बच्चों के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के महत्व को समझाया गया। बच्चों के संरक्षण के लिए लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत उनके अधिकारों की रक्षा और इस कानून का महत्व बताया गया। बच्चों को मोबाइल के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में भी सतर्क किया गया और उन्हें इस संबंध में सावधान रहने के सुझाव दिए गए। कार्यक्रम में अधिकार मित्र और पीएलव्ही की भूमिका को भी समझाया गया। ये बच्चों और समाज के कमजोर वर्गों के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए काम करते हैं।

- बच्चों को विधिक अधिकारों और विभिन्न कानूनी प्रक्रिया से कराया अवगत



### हेल्पलाइन नंबरों का महत्व समझाया

शिविर के अंत में सभी बच्चों और उपस्थित व्यक्तियों को उनके अधिकारों की जानकारी के साथ–साथ विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों का महत्व समझाया गया। जिससे वे जरूरत पड़ने पर इनका सही उपयोग कर सकें। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक शाला कुम्हारपारा से प्रधान अध्यापिका श्रीमती पुष्पा तिवारी, शिक्षिकाएं और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अधिकार मित्र पारेश्वर देवांगन और विवेक कश्यप की उपस्थिति में सभी छात्र–छात्रओं ने बड़ी रुचि से कार्यक्रम में भाग लिया और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। यह शिविर बच्चों के लिए न केवल एक शिक्षण अनुभव साबित हुआ बल्कि उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी बना। इस तरह के कार्यक्रम समाज में विधिक जागरुकता फैलाने में अत्यंत सहायक होते हैं।

## बीमा कंपनी देगी 60 हजार की क्षतिपूर्ति वाहन विक्रेता भरेगा 20 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा मंगलवार को एक प्रकरण आवेदक को डिजिट जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड द्वारा 60 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति और इलेक्ट्रॉनिक वाहन विक्रेता को 20 हजार रुपए का जुर्माना अदा करेगा। उक्त आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी गया है।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुकानार निवासी सुरेश सिंह द्वारा जगदलपुर स्थित मेसर्स अग्रवाल इवे से एक बैटरी चलित वाहन क्रय की गई थी। उक्त वाहन क्रय करने के कुछ समय उपरांत घर के सामने खड़ी अवस्था में जलकर पूरी तरह से नष्ट हो गई थी। जिसकी सूचना आवेदक द्वारा वाहन विक्रेता और बीमा कंपनी को प्रदान कर बीमित राशि अदा किए जाने का निवेदन किया गया था। इस संबंध में आवेदक द्वारा वाहन विक्रेता को सूचित कर बीमित राशि दिलाए जाने का निवेदन किया गया था, पर वाहन विक्रेता और बीमा कंपनी के द्वारा उदासीनता पूर्वक कार्यवाही किए जाने के कारण आवेदक द्वारा उन्हें अपने अधिवक्ता के माध्यम से भी नोटिस प्रेषित किया गया था। इसका वाहन विक्रेता और बीमा कंपनी द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया, जिससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग की समक्ष शिकायत पेश की गई थी।



## डीआरजी जवान के भाई पर जानलेवा हमला, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दंतेवाड़ा जिले के किरदुंल थाना क्षेत्र के हिरोली सरपंच पारा निवासी डीआरजी जवान के भाई पर बीती रात अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक किरंदुल में रहने वाले डीआरजी जवान के भाई पर बीती रात 10 से 12 अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला किया। वहीं बचाने के लिए आये बड़े भाई को भी लोगों ने मारने के लिए दौड़ाया, लेकिन वह भागने में सफल रहा। हमले के दौरान घायल की मां व पत्नी के शोर मचाने पर अज्ञात लोग भाग खड़े हुए। घायल को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए मेकाज रेफर किया गया। मामले की जानकारी देते हुए घायल लक्ष्मण कुंजाम 21 वर्ष के बड़े भाई हिड़मा ने बताया कि बीती रात खाना खाने के बाद वह अपने घर में बैठा हुआ था।

- नक्सलियों पर संदेह, रात में भोजन करने के दौरान किया हमला



पत्नी सुखी, मां पोदे व 2 साल का बच्चा मां के साथ थे। तभी अचानक दरवाजा को खोलते हुए अज्ञात लोग अंदर आने के साथ लक्ष्मण के ऊपर कुल्हाड़ी व चाकू से हमला कर दिया। लक्ष्मण के शोर मचाने पर अंदर से मां, पत्नी व भाई सोमारू आकर हमलावरों से लड़ने लगे। इसके बाद हमलावरों ने सोमारू को मारने के लिए दौड़ाया, जिसके बाद वह अपनी जान बचाने भाग गया। परिजनों के शोर शराबा के बाद एम्बुलेंस को फोन किया गया।

## कोंडागांव-नारायणपुर के लिए बेमेतरा में होगा वैकल्पिक पौधारोपण

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र कोंडागांव से नारायणपुर सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 डी का चौड़ीकरण किया जाएगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के एसडीओ एवं उपयंत्री सड़क का सर्वे किया। इसमें कोंडागांव जिला मुख्यालय से लगभग 7 किमी दूर नारायणपुर रोड में 22.357 हेक्टर भूमि एनएच के चौड़ीकरण में रहेगी। इसके बदले 22.357 हेक्टर भूमि पौधारोपण के लिए जमीन की तलाश की गई पर नहीं मिली। बेमेतरा में दो गांव में 22.357 हेक्टर भूमि मिली, जहां वैकल्पिक पौधारोपण किया जाएगा। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग कोंडागांव से नारायणपुर में अब तक के सर्वे में सड़क किनारे के लगभग 212 भूमि स्वामी प्रभावित हो रहे हैं, जिन्हें मुआवजा दिया जाएगा। यह सड़क अब तक 7 मीटर चौड़ी है, पर 48 किमी सड़क को 12 मीटर चौड़ा किया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के एसडीओ जीएस शोरी ने बताया कि कोंडागांव-नारायणपुर तक चौड़ीकरण के लिए सर्वे किया गया। यहां के लिए बेमेतरा में वैकल्पिक पौधारोपण किया जाएगा।



## स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम मॉडल स्कूल परिसर में 100 सीटर की व्यवस्था

# सुदूर अंचल के विद्यार्थियों के लिए शमक विवि में दो नए छात्रावास प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विद्यार्थियों को हरसंभव सुविधा उपलब्ध कराने को संकल्पित शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में बुधवार को दो नए छात्रावास का पूजा-हवन के साथ शुभारंभ किया गया। छात्राओं के लिए स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम मॉडल स्कूल, धरमपुरा के परिसर में बने 100 सीटर छात्रावास की व्यवस्था की गई हैं। यह छात्रावास शासन के द्वारा मॉडल कॉलेज प्रबंधन से अपना छात्रावास तैयार होने तक तात्कालिक सुविधा हेतु प्राप्त की गई है। वहीं छात्रों को कालीपुर स्थित विवि के नए बिल्डिंग के पास 100 सीटर छात्रावास सुविधा उपलब्ध कराई गई है। बुधवार को कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में गृह पूजा- अर्चना के साथ दोनों छात्रावास प्रारंभ किया गया। कुलपति प्रो एमके श्रीवास्तव ने बताया कि सुदूर क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों को छात्रावास सुविधा नहीं मिलने के कारण उन्हें यहां शहर में रहकर पढ़ाई करना मुश्किल हो रहा था। आर्थिक इत्यादि कारणों से वे रेगुलर क्लास नहीं कर पा रहे थे। इसीलिए विद्यार्थियों की मांग पर विवि प्रबंधन ने अध्ययनशालाओं के नजदीक ही दो नए छात्रावास को व्यवस्थित किया है। प्रो. श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व में दिए गए आश्वासन के अनुसार सुकमा, कोंटा, बीजापुर, भोपालपटनम क्षेत्र से आए विद्यार्थियों को प्राथमिकता के साथ हॉस्टल दिया जाएगा। इस अवसर पर विवि के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो शरद नेमा, प्रो स्वपन कुमार कोले, प्रोआनंद मूर्ति मिश्रा, प्रो विनोद सोनी, डॉ सजीवन कुमार, श्री डोंगरे, विपिन गुप्ता, एबीवीपी के शैलेश सहित अन्य उपस्थित थे।

- सुकमा, कोंटा, बीजापुर, भोपालपटनम क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्राथमिकता



### छात्रावास में सभी सुविधाएं बहाल

नए छात्रावास में बिजली, पानी, चारपाई, कुर्सी, वाटरकूलर, गार्ड इत्यादि की व्यवस्था कर ली गई है। पूर्व में मिले आवेदन के आधार पर गुरुवार से अध्ययनशालाओं में नियमित अध्ययनरत सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं को हॉस्टल आवंटित किया जाएगा। प्रो. श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार विवि में कई नए अध्ययनशालाएं खोली गईं हैं। नियमित विद्यार्थियों की संख्या भी बढ़ी है। इसे देखते हुए दो नए सर्वसुविधायुक्त छात्रावास प्रारंभ किया गया है ताकि सुदूर क्षेत्र के विद्यार्थी नियमित अध्ययन कर सकें।

## पेज 11 के शेष

### शिक्षक संघर्ष मोर्चा...

प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर वेतन विसंगति दूर करने 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन प्रदान करने क्रमोन्नति, पदोन्नति करने सहित मांगे सम्मिलित है।

### सआरएसएस स्वयंसेवकों...

ही गंभीर हैं। देशद्रोही शक्तियां भारत को विभिन्न माध्यमों से तोड़ने का षड्यंत्र कर रही हैं, किन्तु भारत आगे बढ़ता जा रहा है। यह भारत की सदी है। यह अमृत काल का भी समय चल रहा है। उद्बोधन में हिंदू एकता भारत का अभ्युदय एवं विश्व का नेतृत्व कैसे भारत करने वाला है, उसके विषय में कुछ प्रेरक उदाहरणों से बताया गया। विजयादशमी पर कहा की शक्ति उपासना का यह पर्व है। आसुरी शक्तियों के ऊपर दैवीय शक्तियों का विजय का दिन है। इनके अलावा धार्मिक ग्रंथ रामायण व महाभारत का भी उल्लेख किया गया। कार्यक्रम में विभाग जिला खंड के कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में स्वयंसेवक सम्मिलित रहे।

### डिजिटल युग में...

किया गया। यह मेला 27 अक्टूबर तक चलेगा, वहीं बुक फेयर मेले का समय सुबह 9 बजे से साढ़े 12 बजे तक रहेगा। विद्यालय परिवार कांकेर के सभी अभिभावकों और नागरिकों से आव्हान करता है कि बुक फेयर मेले का आनंद लेंवे।

## खबर संक्षेप

### मलेरिया और सिकल सेल के बारे में दी गई जानकारी



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज किया गया। जिसमें सिरहा, गुनिया, मांझी गायता और चालकियों ने भाग लिया। यह कार्यशाला जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई, जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया और सिकल सेल रोगों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में मलेरिया और सिकल सेल के बचाव, लक्षण और इलाज के तरीकों पर चर्चा की गई। कार्यशाला का उद्देश्य समुदाय में जागरूकता फैलाना और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना है। इस पहल से स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति सजग किया जा रहा है। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन,आदिवासी विकास विभाग उपायुक्त एस.के.मसराम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### लोगों ने किया रक्तदान



**गीदम।** आचार्य नानेश के 25 स्मृति दिवस एवं आचार्य रामेश के पदारोहण दिवस के उपलक्ष्य में जैन समता युवा संघ के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन ओसवाल भवन में आज किया गया। जिसमें जैन समाज के साथ-साथ अन्य समाज के लोगों ने भी रक्तदान किया। शिविर में 41 यूनिट रक्तदान किया गया। जिसमें महिलाएं, युवा, बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में ओसवाल जैन श्री संघ के अध्यक्ष विमल चंद सुराना, मोहनलाल बुरड, मोतीलाल सालेचा, शांतिलाल सुराना, सुनील गोलछा समेत अन्य गणमान्य नागरिक, युवा महिलाएं, बालिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जल संसाधन विभाग कराएगा निबंध व रंगोली प्रतियोगिता

**दंतेवाड़ा।** नारी शक्ति से जल शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत संयुक्त जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के डंकनी कक्ष में जल संचय,जन भागीदारी कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर में जल संरक्षण के संबंध में वर्चुअल संबोधन प्रधानमंत्री के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 60 बालक ,बालिकाएं, शिक्षकगण और जल संसाधन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे और इस कार्यक्रम के साक्षी बने। जल संरक्षण के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई।

### पंचायत भृत्य संघ ने कलेक्टर दर पर वेतन मांगा

**सांकरा।** ग्राम पंचायत भृत्य संघ की बैठक नगरी ब्लाक की बैठक 20 अक्टूबर रविवार को दोपहर 1 बजे मां शीतला मंदिर परिसर सिहावा में हुई। संघ ने कलेक्टर दर पर वेतन दिलाने प्रस्ताव पारित कर शासन-प्रशासन को आवेदन पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रांताध्यक्ष सोमनाथ तारक, मीडिया प्रभारी परमानंद देवदास, जिला अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, ब्लाक अध्यक्ष रूपेश पटेल, सचिव देवचरण नेताम, कोषाध्यक्ष घनाराम गौर समेत ब्लाक के समस्त ग्राम पंचायत भृत्य उपस्थित थे।

### स्वर्गधाम सेवा समिति ने भूमिहीन परिवार की मदद की

**पुरी।** ग्राम छाती में मानव कल्याण सर्वधाम सेवा समिति कई वर्षों से संचालित है। समिति द्वारा गांव के भूमिहीन व्यक्ति के घर में किसी का निधन हो जाने पर उसके परिवार को आर्थिक सहायता राशि 7250 रूपये 58 व्यक्तियों द्वारा दी जाती है। आकाश साहू की मां श्रीमती दसोदा साहू के देहवासन पर आर्थिक सहायता राशि दी गई। मौके पर देवलाल साहू, कुलदीप यदू, विक्रम चंद्राकर, घनश्याम कश्यप, बिशेलाल चंद्राकर, योगेंद्र वर्मा, लीलेश्वर साहू, प्रीतम साहू समेत समिति से जुड़े लोग मौजूद थे।

# 10 साल से शौचालय की मांग

## सरपंच-सचिव बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दरभा ब्लाक के ग्राम पंचायत लेंड्रा के आश्रित ग्राम मांझीगुड़ा के धुरवापारा में नल, जल योजना के तहत पाईप लाईन बिछाया गया है लेकिन पानी की सप्लाई घर-घर तक नहीं किया गया है जिसके कारण लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिल रहा है। वहीं 10 साल से शौचालय की मांग सरपंच, सचिव

■ टीएल मीटिंग के कारण धूप में घंटों दुधमुंहे बच्चों के साथ बैठी रही महिलाएं

से कर रहे हैं लेकिन आज तक घरों में शौचालय नहीं बना है। गांव के किसी-किसी घर में शौचालय तो बना है लेकिन वह भी आधा अधूरा पड़ा है। कलेक्टोरेट पहुंची गांव की दो दर्जन से अधिक ग्रामीण महिलाएं धूप में घंटों दुधमुंहे बच्चों के साथ खड़ी रही। हरिभूमि से चर्चा में उन्होंने कहा कि बताया गया कि आज टीएल मीटिंग है इसलिए सारे अधिकारी बैठक में हैं। लेकिन हम



2-3 घंटा यहीं बैठे रहेंगे और अधिकारी से अपनी समस्या बताकर ही गांव लौटेंगे। ज्ञापन में कलेक्टर से मांग की गई है कि स्वच्छ एवं सुंदर भारत निर्माण के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री प्रतिदिन जनता से आव्हान करते हैं। लेकिन बस्तर के ग्राम पंचायत लेंड्रा के आश्रित गांव मांझीगुड़ा में स्वच्छता मिशन पूरी तरह से फेल है। सरपंच, सचिव से जब हम शौचालय और पानी की मांग करते हैं तो वे केवल आश्वासन देते आ रहे हैं। पाईप बिछ गया लेकिन पानी नहीं मिल रहा है ऐसी योजना का क्या लाभ। अब तो ठेकेदार भी पाईप बिछा कर गायब हो गया है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर को हम यह ज्ञापन देकर निवेदन करेंगे कि वे हमारे गांव आकर समस्या को देखें। बिना शौचालय के महिलाओं को किस तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है इसे शासन प्रशासन को देखना चाहिए। कलेक्टोरेट पहुंची सभी महिलाओं ने कहा कि हमारे घर में शौचालय नहीं है इसलिए बाहर जाना पड़ता है बारिश और रात के अंधेरे में जान पर खतरा बना रहता है। बच्चों को तो और भी ज्यादा परेशानी होती है।



### पहले भी दे चुके हैं आवेदन

महिलाओं ने बताया कि 10 साल से शौचालय के लिए लड़ रहे हैं, आज गर्मी में मासूम बच्चों के साथ आना पड़ा है। पहले विधायक, मंत्री, सांसद और कलेक्टर को आवेदन दे चुके हैं लेकिन किसी तरह का निराकरण नहीं हुआ है। पता चला कि नए कलेक्टर आए हैं इसलिए यहां मिलने आए हैं। लेकिन घंटों बीत चुका है परंतु मुलाकात नहीं हुई है।

## अन्तर्राज्यीय सीमा से आने वाले अवैध धान पर रहेगी कड़ी निगरानी

**बीजापुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु विस्तृत समीक्षा करते हुए जिला स्तर पर नियुक्त नामजद नोडल अधिकारियों को धान के समर्थन मूल्य धान खरीदी हेतु शासन स्तर से निर्धारित अवधि, धान खरीदी हेतु पंजीयन सहित विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए राज्य शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति का बारीकी से अध्ययन करने और शासन के गाईडलाईन के तहत समितियों में भी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर संबित मिश्रा ने दिए। बीजापुर जिला तेलंगाना और महाराष्ट्र राज्य की सीमा से लगे होने के कारण जिले में अवैध धान का आवक होने की संभावना बनी रहती है। किसी भी प्रकार के अवैध धान को जिले के सीमा के भीतर प्रवेश को रोकने अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट में निगरानी बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# वसूली अभियान ठंडे बस्ते में

## उपभोक्ताओं पर 1.77 अरब बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विद्युत कंपनी की ओर से बस्तर संभाग के सातों जिलों में कार्यपालन अभियंता, सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता कर्मचारियों के साथ दीपावली पूर्व उपकेन्द्र, फीडर और लाईनों का मेंटनेंस में जुटे हुए हैं। साथ ही फ्यूज कॉल के दौरान सुधार में है। इसके चलते कंपनी का

■ सातों जिलों में फ्यूज कॉल व मेंटनेंस के चलते बकाया वसूली नहीं

बकाया वसूली अभियान ठंडे बस्ते में चला गया है, यही कारण है कि वर्तमान में उपभोक्ताओं पर एक अरब 77 करोड़ 80 लाख 49 हजार रूपए का बिजली बिल बकाया है। हालांकि इसमें से शासकीय उपभोक्ताओं पर एक अरब 16 करोड़ 32 लाख एवं निजी उपभोक्ताओं पर 61 करोड़ 48 लाख रूपए लंबित है। बताया जा रहा है कि उच्च निर्देशों के अनुसार हर विद्युत वितरण केन्द्र में बकाया



वसूली अभियान के लिए टीम गठित की गई थी, जो सुबह से शाम तक बकायादारों के घरों एवं प्रतिष्ठानों के दरवाजों पर दस्तक दे रहे थे।

### बकाया की भी करें वसूली



कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने डीई, एई, जेई को निर्देश दिया कि वे फ्यूज कॉल, मेंटनेंस के साथ-साथ बकाया की वसूली भी करें। इस पर ध्यान नहीं देने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# संभाग के 39 प्रधान आरक्षकों के कंधों पर लगा स्टार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग में तैनात 39 प्रधान आरक्षकों की एएसआई के पद पर पदोन्नत करते हुए लिस्ट जारी कर दी गई है। शौर्य भवन में आयोजित कार्यक्रम में आईजी सुंदरराज पी व एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने प्रधान आरक्षकों के कधों में स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी।

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि शासन की मंशानुरूप व पुलिस हेडक्वार्टर द्वारा जारी नियमावली के अनुसार बस्तर संभाग में 39 प्रधान आरक्षकों को सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति आदेश जारी किया गया। इन प्रधान आरक्षकों जिला बस्तर से 6, दन्तेवाड़ा से 4, कांकेर से 9, बीजापुर से 4, नारायणपुर से 4, सुकमा से 9 तथा कोण्डागांव से 3 कुल 39 प्रधान आरक्षकों को वरिष्ठता क्रम अनुसार सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान किया गया है। आईजी ने बताया कि एएसआई के रिक्त पद के विरूद्ध पदोन्नति के लिए विभागीय पदोन्नति

■ विभागीय पदोन्नति परीक्षा में योग्य पाए गए जवानों ने पदोन्नति से पूर्व किया पीपी कोर्स



परीक्षा की गई थी। परीक्षा प्रक्रिया में योग्य पाए गए प्रधान आरक्षकों को पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण (पीपी कोर्स) कराया गया था। आईजी ने कर्मचारियों को पदोन्नति की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि बस्तर संभाग में 39 प्रधान आरक्षकों को एएसआई के पद पर पदोन्नति से ना सिर्फ जवानों के मनोबल में वृद्धि होगी बल्कि जवानों के कार्यक्षमता के साथ-साथ कानून व्यवस्था, अपराधों की रोकथाम, प्रकरणों की विवेचना, नक्सल अभियान एवं पुलिसिंग से संबंधित कार्यों में सकारात्मक बदलाव आएगा। पदोन्नत हुए सहायक उप निरीक्षकों का नवीन पदस्थापना आदेश अलग से जारी की जाएगी। सभी जिला मुख्यालयों में एसपी द्वारा प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुये सभी अधिकारियों को पदोन्नति संबंधी कार्यवाही की गई। स्थानीय शौर्य भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आईजी के अलावा एसपी शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी माहेश्वर नाग, योगेश देवांगन समेत अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# 80 बटालियन ने कोलेंग में कैम्प लगाकर योजना की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

80वीं वाहिनी के डी/80 समवाय कोलेंग में भारत सरकार के निर्देशानुसार सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत मिडिया योजना प्रोग्राम वर्ष 2024-2025 का आयोजन जितेन्द्र कुमार कमाण्डेंट 80वीं वाहिनी के नेतृत्व में बुधवार को किया गया। जिसमें जिला बस्तर के अतिसुदूर क्षेत्र के ग्राम नेतानार, चायकुर, गुरियापाल, गहुंपदर, बावनरस, रनधारीरस, किचकरस, मिलकुलवाडा समेत अन्य गांवों के छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में सम्मिलिति हुए। मिडिया प्लान के अन्तर्गत नक्सलवाद के कारण आम जनता को हुए नुकसान और नक्सली अत्याचारों को दर्शाने वाले बैनर, पर्चे एवं कलेन्डर इत्यादि





का वितरण ग्रामीणों के बीच किया गया। छात्र-छात्राओं के बीच स्टेशनरी सामग्री, जैसे कॉपी, पेन, कार्डबोर्ड आदि का वितरण किया गया। गैर सरकारी संगठन स्मार्ट सोशल वेलफेयर सोसाईटी, जगदलपुर एवं बस्तर केयर फॉउंडेशन, अरफा फॉउंडेशन जगदलपुर के द्वारा आदिवासी युवाओं एवं ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ और कौशल विकास के अन्तर्गत पशुपालन मतस्य पालन, कुक्कुट पालन, के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही स्वास्थ्य संरक्षण, वृक्षारोपण, जलवायु परिवर्तन एवं जैविक खेती के द्वारा मोटे अनाजों की खेती जैसे दाल, बाजरा, ज्वार, राई इत्यादि फसलों की खेती करके लाभन्वित होने के बारे में जागरुक किया गया। इस कार्यक्रम में 80वीं वाहिनी के अधिकारी पुरुषोत्तम कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ. उत्पल गागोई मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत अन्य अधिकारी, जवान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# बस्तर में दुर्लभ तितली की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में दुर्लभ कॉमन ऑनिक्स (होरागा ऑनिक्स) तितली की पहचान हुई है, जो इस क्षेत्र के तितली प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण खोज है। बेसिक सीड मल्टीप्लिकेशन और ट्रेनिंग सेंटर में वैज्ञानिक डॉ. थिरुपम रेड्डी ने यह पहचान की है। इसके नाम में कॉमन होने के बावजूद, कॉमन ऑनिक्स प्रकृति में शायद ही देखा जाता है, और यह बस्तर में पहली बार दर्ज की गई पहचान है।

छत्तीसगढ़ में जशपुर और बलोदा बाजार जिलों में 2019 और 2023 में वैज्ञानिकों द्वारा पहले भी



इसकी पहचान की गई थी। यह प्रजाति भारत में शायद ही देखी जाती है, शोधकर्ता रवि नायडू ने कहा। देश के विभिन्न हिस्सों में इसकी पहचान की गई है, जिनमें महाराष्ट्र, केरल, हिमाचल प्रदेश, उत्तर-पूर्वी भारत और अंडमान व निकोबार द्वीप समूह शामिल हैं।

बस्तर जिले में भारत की लगभग 1,328 तितली प्रजातियों में से 113 पाई जाती हैं, जिनमें कॉमन ऑनिक्स नवीनतम जोड़ है। यह प्रजाति विभिन्न मेजबान पौधों पर प्रजनन करती है, जिनमें हिमालयन कोरियारिया, सफेद बालों वाला ओक आम, थिकहेड, मंकी फेस ट्री, लिची एवं कांटेदार अकेशिया शामिल है। वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची के तहत संरक्षित प्रजाति होने के नाते, कॉमन ऑनिक्स की आबादी को संरक्षित करने के लिए संरक्षण प्रयास महत्वपूर्ण होंगे।

# सर्व नाई सेन समाज को महापौर ने दी बर्तन, साउण्ड सिस्टम और कुर्सियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सर्व नाई सेन समाज की बैठक में महापौर सफीरा साहू एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पार्षद संजय पांडे को सम्मानित किया गया। बैठक महापौर निधि के सन्दर्भ में आयोजित की गई थी। समाज के जिला अध्यक्ष मनोज ठाकुर के साथ सभी सदस्य मौजूद रहे। एमआईसी सदस्य पार्षद श्वेता बघेल भी मौजूद थी।

इस दौरान समाज को बर्तन, कुर्सी, बॉक्स, चूल्हा प्रदान किया गया। महापौर ने कहा कि समाज को महापौर निधि से सामग्री प्रदान किया गया है, जिससे आपके समाज में कुछ भी आयोजन हो तो समाज अपना स्वयं की सामग्रियों से कार्यक्रम कर सके। सभी समाज स्वावलंबी हो ऐसा प्रयास किया जा रहा है। संजय पांडे ने कहा कि संगठन में शक्ति है और जब सभी लोग मिलकर एक संगठन बनाते हैं



तो वह मजबूती से आगे बढ़ता है। सर्व नाई समाज के गठन के बाद समाज के संगठन में अच्छा कार्य करके दिखाया है। उसी निमित्त आज समाज का भवन बन गया है और भवन में लगने वाली सामग्री महापौर ने प्रदाय की है।

जिलाध्यक्ष मनोज ठाकुर ने समाज की ओर से जनप्रतिनिधियों व समाज के सदस्यों का आभार माना। इस दौरान राधे श्याम श्रीवास्तव, भास्कर राव, राजू राव, संदीप श्रीवास, गणेश ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, कृष्ण श्रीवास, सियाराम ठाकुर, छन्नू भारद्वाज, रामेश्वर श्रीवास, लोकेश नंदा, अनिल ठाकुर, राम लखन ठाकुर, बाबू साहब, राजा ठाकुर समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

# सड़क तक सामान नहीं फैलाने की दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

त्योहारी सीजन को देखते हुए निगम टीम ने घड़ी चौक से लेकर गोलबाजार तक व्यापारियों के सड़क तक फैले सामान को व्यवस्थित कराया एवं यातायात व्यवस्था बहाल करवाई। टीम ने व्यापारियों को फिर से सामान नहीं फैलाने की समझाइश दी। टीम के साथ पुलिस के जवान भी मौजूद थे। टीम में निगम उपायुक्त पीसी सार्वा, एसआई खेमराज साहू, एसआई चंद्रशेखर देवांगन, एएसआई सुरेश नेताम, प्रधान आरक्षक, संदीप यादव, स्वास्थ्य अधिकारी शेरखान, सुनील सालुंके, गोविंद पात्रे, बंशीदीप, निकेतन यादव, दीपक, गोपाल, संकेत गुप्ता, शकील अहमद मौजूद थे।

■ पुलिस व निगम टीम यातायात व्यवस्था बनाने सड़क पर उतरी

विदित हो कि 23 अक्टूबर से धनतेरस के साथ



दीपावली का त्योहार प्रारंभ हो रहा है। त्योहार के कारण शहर में ग्राहकों की भीड़ बढ़ रही है। सड़क तक सामान फैलने के कारण यातायात व्यवस्था खराब हो रही है। इसे देखते हुए निगम व पुलिस की संयुक्त टीम ने घड़ी चौक से लेकर गोलबाजार तक अभियान चलाकर सड़क तक फैले सामान को दुकानों के अंदर रखने कहा। अस्थायी रूप से सड़क किनारे बैठे व्यवसायियों को अतिरिक्त सामान न फैलाने की समझाइश दी।

# सुगम एप के खिलाफ स्टाम्प वेंडरों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

पंजीयन कार्यालय से जुड़े दस्तावेज लेखक, स्टाम्प वेंडरों ने सुगम एप के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। रोजगार पर संकट बताते हुए 21 अक्टूबर से गांधी मैदान में आंदोलन पर हैं। उनके आंदोलन पर चले जाने से रजिस्ट्री कार्य प्रभावित हो रहा है।

संघ के संजय लच्छवानी, संजय कोसले, मनहरण साहू, घनश्याम, नरेश साहू, विजयंत जाधव, नरेन्द्र जाधव, हीरा साहू ने बताया कि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया। उनकी मांगें वेतनमान, आजीविका, सुरक्षा, विभाग समायोजन से जुड़ी हुई हैं। इसके लिए कई बार ज्ञापन दिया गया। सरकार द्वारा



लॉन्च किये गए सुगम एप को लेकर तीन दिवसीय हड़ताल भी की गई थी जिसका अब तक समाधान नहीं हुआ है। 21 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। उनका कहना है कि नई तकनीकी योजनाएं सुगम एप उनके लिए संकट पैदा कर रहा है। रोजी रोटी पर असर पड़ रहा है। इस योजना को तत्काल रोकें।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹60,000 ₹90,000 ₹1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
बुकिंग प्रारंभ
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नसों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# रासेयो शिविर में कानूनी और साइबर सुरक्षा की दी गई जानकारी

## व्यक्तिगत जानकारियों को सुरक्षित रखने की दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शासकीय स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पाटौद द्वारा ग्राम मुनगडिही मोहपुर में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में बौद्धिक चर्चा का आयोजन किया गया।

बौद्धिक चर्चा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भास्कर मिश्र ने छात्रों को साइबर अपराधों के प्रति सचेत किया और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले खतरों पर चर्चा किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सोशल मीडिया का सुरक्षित और सतर्क उपयोग किया जा सकता है, ताकि साइबर अपराधों से बचा जा सके। बच्चों को साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण उपायों से अवगत कराया गया जैसे कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखना,



मजबूत पासवर्ड का उपयोग करना और अनजाने लिंक या अज्ञात स्त्रोतों से प्राप्त संदेशों से बचना। कार्यक्रम में बाल विवाह के नुकसान और इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों पर भी चर्चा की गई। बच्चों को बताया गया कि किस प्रकार बाल विवाह न केवल उनके जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, बल्कि यह कानूनी रूप से भी अपराध है। छात्रों को यह भी प्रेरित किया कि जो बच्चे 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं, वे ड्राइविंग लाइसेंस बनवाएं और यातायात नियमों का पालन करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रद्धा पवन सेन, और विद्यालय के शिक्षक, विनय गजबल्ले, रामदेव कोर्राम तथा प्रतिधारक अधिवक्ता सागर गुप्ता, विधिक स्वयंसेवी नीलकमल मटियारा और भक्त प्रहलाद सिन्हा भी उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को कानूनी अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।

## खबर संक्षेप



### शराब का अवैध परिवहन आरोप में युवक पकड़ाया

**कांकेर।** अंतागढ़ पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि चारगांव रोड़ कि ओर एक व्यक्ति मोटर सायकल से अवैध शराब का बिक्री करने के लिए परिवहन कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर अंतागढ़ पुलिस ने चारगांव रोड बीएसएफ कैंप टेमरूपानी के सामने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीई 5765 को आता देख घेराबंदी कर चेक किया तो एक काला रंग का बैग में गोवा अंग्रेजी शराब मिला। उक्त व्यक्ति से नाम पता पुछने पर अपना नाम अलखरंजन साहु पिता स्व.सुरजन प्रसाद साहु उम्र 28 वर्ष साकिन भैसासुर थाना सिकसोड़ निवासी बताया। काले रंग का बैग को चेक किया गया, जिसमे 30 नग गोवा स्पेशल विस्की शराब प्रत्येक पौव्वा मे 180 एमएल शराब भरी हुई कुल 5400 एमएल कीमत 3900 रूपएं बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

### शक्ति कलश आज पहुंचेगा हरिद्वार से



**अंतागढ़।** अंतागढ़ में आयोजित होने वाले 51 कुण्डीय हवन-यज्ञ के सफल आयोजन हेतु शांति कुंज हरिद्वार से शक्ति कलश लेकर गायत्री प्रज्ञा पीठ अंतागढ़ के परिजन 24 अक्टूबर गुरूवार सुबह 10 बजे अंतागढ़ पहुंच रहे हैं। हम सभी नगरवासी शिव मंदिर नयापारा अंतागढ़ में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर ज्योति कलश का स्वागत के सहभागी बने और पुन्य प्राप्त करें।

### पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता 27 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गूकोदल के आश्रित ग्राम हुलघाट में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है प्रतियोगिता 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक होगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण आंचला, उपाध्यक्ष राजेंद्र सलाम और सचिव फरशु गोटा ने बताया कि पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता 2024 में प्रथम पुरस्कार 15000 रूपएं, द्वितीय पुरस्कार 10000 रूपएं, तृतीय पुरस्कार 3500 रूपएं, चतुर्थ पुरस्कार 2500 रूपएं एवं अन्य पुरस्कार सहित ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा प्रतियोगिता को लेकर ग्रामवासी आयोजन समिति तैयारी में जुटे हुए।

## बैठक : जिपं अध्यक्ष ने शिक्षकों के संलग्नीकरण को पढ़ाई के लिए घातक बताया

# जिपं की सामान्य सभा में स्कूल जतन योजना के तहत कराई गई मरम्मत का मुद्दा छाया रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- डीईओ ने विद्यार्थियों को पुस्तक और सायकिल वितरण की जानकारी दी

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 23 अक्टूबर को हुई, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में हुए कार्यों और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा किया गया। जिला पंचायत के अध्यक्ष हेमंत ध्रुव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों की मरम्मत व रंगरोगन सहित अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष तौर पर जोर देते हुए शैक्षणिक संस्थानों का सतत निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया।





जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा किया। उन्होंने स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों के जीर्णोद्धार के लिए और अधिक प्रयास करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए, साथ ही स्कूलों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की भी बात कही। इस योजना के माध्यम से स्कूलों की स्थिति सुधारने और छात्रों को बेहतर शिक्षा वातावरण प्रदान करने पर जोर दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों का पुस्तक वितरण और सायकल वितरण की जानकारी दी गई। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षकों का अन्य विभागों या कार्यालयों में संलग्नीकरण नहीं किया जाना चाहिए, इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला ने ग्रामीणों की मांग पर जर्जर विद्युत पोल की मरम्मत और शिफ्टिंग के लिए विद्युत विभाग को निर्देश दिए। बैठक में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को जिले में चल रहे पुल-पुलियों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं के प्रगतिरत कार्यों के बारे में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने जानकारी दी।

बैठक में नल-जल योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई और संबंधित विभाग को कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए गए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्यों को पूर्ण करने निर्देशित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल ने आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त को खंड स्तर पर हॉस्टल अधीक्षकों की नियमित बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए, ताकि छात्रावासों में सुविधाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर सभापति नरोत्तम पडोटी, जिला पंचायत के सदस्यगण एवं संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बुनियादी शिक्षा में सुधार के लिएगांवों के चिल्ड्रन क्लब में पढ़ाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड चारामा के 95 गांव में हमारा गांव कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कक्षा पहली से कक्षा पांचवी तक के सभी बच्चों को भाषा व गणिती में बुनियादी दक्षता का विकास करना और साथ ही समुदाय को शिक्षा से जोड़ना व समुदाय के माताओं को अपने बच्चों को घर में पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करना है। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के द्वारा गांवों में डिजिटल टेबलेट के माध्यम से कक्षा 6 वीं से 8 वीं के बच्चों को पढ़ाई में रुचिकर लाने का प्रयास किया जा रहा है। टीम लीडर ने बताया कि चारामा ब्लॉक के 95 गांवों में कक्षा तीसरी से 5 वीं और कक्षा 6 वीं से 8 वीं के बच्चो का मुहल्ले अनुसार चिल्ड्रन क्लब तैयार किया गया, जहां कक्षा तीसरी से 5वीं के बच्चों को ग्रुप में स्वयं सेवक द्वारा भाषा व गणिती में बुनियादी दक्षता का विकास कराने के लिए सरल से सरल गतिविधि के माध्यम से सीखा रहे है। कक्षा 6 वीं से 8 वीं के बच्चें टैबलेट के माध्यम से पढ़ाई कर रहे है। इसके लिए गांव स्तर पर माताओं और उनके पालक गण को जिम्मेदारी दी जा रही है। इसके लिए प्रथम के कार्यकर्ता द्वारा माताओं का स्कूल और समुदाय में बैठक रख कर स्वयंसेवक एवं लीडर माता व अन्य माता का चयन कर बच्चो को घर पर कैसे पढ़ाई कराए, बेसिक गतिविधि कर बताई जा रही है, जिससे बच्चो के पढ़ाई स्तर में वृद्धि हो सके।

# नवोदय के छात्र पीलिया डेंगू से पीड़ित, कलेक्टर से जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष विशाल खंबारी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने जवाहर नवोदय विद्यालय धरमपुरा में पीलिया और डेंगू से पीड़ित छात्रों की स्थिति को लेकर कलेक्टर का ध्यानाकर्षण कर मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में उल्लेख करते विद्यालय में व्याप्त अस्वच्छता, दूषित पेयजल और छात्रों के इलाज में लापरवाही को उजागर किया गया है। एनएसयूआई ने प्रशासन से इस मामले में त्वरित जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। श्री खंबारी ने बताया कि विद्यालय के लगभग 25 छात्र-छात्राएं पीलिया और डेंगू जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित पाए गए हैं। छात्रों को पिछले एक सप्ताह से बुखार और कमजोरी की शिकायत थी, लेकिन उनके इलाज में लापरवाही बरती गई। कई छात्रों के माता-पिता द्वारा निजी क्लीनिक में जांच कराने पर पीलिया पॉजिटिव पाया गया। एनएसयूआई के प्रतिनिधि मण्डल ने जब विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया तो वहां भारी अस्वच्छता और दूषित पेयजल पाया गया,जो इन बीमारियों के फैलने का मुख्य कारण हो सकता है। एनएसयूआई ने मांग की है कि छात्रों के स्वास्थ्य के प्रति बरती जा रही लापरवाही की जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए। पेयजल की गुणवत्ता विद्यालय में छात्रों को मिलने वाला पानी पीने योग्य हो और टंकी की सफाई नियमित रूप से की जाए। मच्छरदानी की व्यवस्थाः छात्रों के आवास में मच्छरदानी की उचित व्यवस्था हो। नियमित स्वास्थ्य जांच छात्रों की मासिक मेडिकल जांच हो और इसकी रिपोर्ट की समीक्षा की जाए।



# जनदर्शन में इंदुल नाले पर पुल बनाने की मांग

**दुर्गुकोंदल।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में ग्रामीणों ने पुल निर्माण की माँग किया और पुल नहीं बनने से होने वाली समस्या से अपर कलेक्टर को अवगत कराया गया।

विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत बांगाचार के अंर्तगत नेवारखेड़ा क्वाचीकटेल के बीच इंदुल नाला पर पुल निर्माण की जरूरत है। बारिश के दिनों में बांगाचार, क्वाचीकटेल, नेवारखेड़ा, कोपाकटेल, सनतराई, मन्हाकाल हेतले, एनहुर, लोहारी, कुरूषबोड़ी आदि ग्रामो के ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों के आने जाने तथा हॉस्पिटल, ब्लॉक मुख्यालय, बैंक कार्य, खाद बीज कार्य के लिए बांगाचार से नेवास्खेड़ा पहुंच मार्ग मे पुल निर्माण नहीं होने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए बांगाचार से नेवारखेड़ा पहुंच मार्ग इंदुल नाला में पुल निर्माण की बहुत जरूरत है। ज्ञापन देने के दौरान सरपंच गुलाब बघेल, राजकुमार, रमेश कुमार वट्टी, फूल सिंह, सनऊराम, मांगियाराम, नंदलाल हुरा, निर्मला, लक्ष्मन बाई, राजोन कोवाची, माधुरी एवं अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

# नशा से जीवन समय से पहले हो जाता है खत्म : अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शासकीय मॉडल महाविद्यालय कांकेर में नशा मुक्ति अभियान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 23 अक्टूबर को युवा कार्यक्रम विभाग के माय भारत के तहत आयोजित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर द्वारा युवाओं को विषय संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि नशा ऐसी एक सामाजिक बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही खत्म हो जाता है। नशे के लिए समाज में शराब, भांग, जर्दा, गुटखा, तंबाकू और धूम्रपान बीड़ी सिगरेट घातक दावों और पदार्थ का उपयोग किया जा रहा है। जहरीले और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचाने के साथ ही इसे सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित हो जाता है। नशा से होने वाले दुष्परिणाम हुआ बीमारियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा नशा मुक्ति को लेकर अपना अपना अनुभव युवाओं के समक्ष साझा किया। कार्यक्रम में उपस्थित युवा व युवतियों को प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को अपने युवा साथियों के साथ साझा करने के लिए प्रेरित किया गया तथा कार्यक्रम में युवाओं को नशा मुक्ति अभियान के लिए प्रचार प्रसार के लिए पंपलेट वितरण किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी अभिषेक द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक अध्यापक विजय बेसरा, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. एके भारती, सहायक प्राध्यापक खिलेश्वर कोसम, जिला समन्वयक यूनिसेफ अविनाश सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

# दाना तूफान रोकेगा दो दिन हीराखण्ड के पहिये

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



दक्षिण भारत के अंडमान सागर से उठा समुद्री तूफान 'दाना' के खतरा को भांपते पूर्व तट रेल जोन भुवनेश्वर ने 23 से 25 अक्टूबर के बीच जोन स्तर से संचालित 178 गाड़ियों को रद्द कर दिया है। इसमें जगदलपुर- भुवनेश्वर के बीच संचालित होने वाली हीराखंड एक्सप्रेस भी शामिल है। वाल्टेयर रेलमंडल मुख्यालय से मंगलवार सुबह जारी सूचना में बताया गया कि 24 अक्टूबर को भुवनेश्वर से रवाना होने वाली हीराखंड एक्सप्रेस रद रहेगी। इसके कारण दूसरे दिन 25 अक्टूबर को जगदलपुर से भुवनेश्वर के लिए भी गाड़ी नहीं होगी। अभी केवल एक दिन के लिए भुवनेश्वर की ओर से इस गाड़ी को रद्द करने की बात कही गई है। उस दिन जगदलपुर से हीराखंड एक्सप्रेस यहां से छूटेगी या नहीं इस पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। वाल्टेयर रेलमंडल के सीनियर डिवीजन कमर्शियल मैनेजर के सुदीप के मुताबिक जगदलपुर से हावड़ा के लिए चलने वाली समलेश्वरी एक्सप्रेस, राउरकेला एक्सप्रेस, विशाखापत्तनम- किरंदुल नाइट एक्सप्रेस और पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का संचालन प्रतिदिन की तरह संचालित रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार तूफान दाना 23 अक्टूबर तक बंगाल की खाड़ी पहुंच जाएगा। इसके दूसरे दिन यह ओड़िशा-पश्चिम बंगाल के तट से टकराएगा। अनुमान है कि यह पुरी (ओडिशा) से टकरा सकता है। तब हवा की गति लगभग 60 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी। 24 व 25 अक्टूबर की मध्यरात्रि से इसकी गति दोगुनी होने का अनुमान है। बता दें कि हीराखंड एक्सप्रेस भुवनेश्वर से छूटती है। वहां से पुरी की दूरी 45 किलोमीटर है।

# शहीद गेंदसिंह कालेज में जनजातीय गौरव पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**चारामा।** शासकीय शहीद गेंदसिंह कालेज चारामा में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त न्यायाधीश बीएस सलाम उपस्थित रहे। कार्यक्रम अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. केके मरकाम, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षिका सुनीति सलाम, हेमकुमारी तारम सरपंच जैसाकर्रा और अंकित जैन अध्यक्ष जनभागीदारी समिति महाविद्यालय चारामा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता भूपेन्द्र नाग ने जनजातीय समाज के ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय समाज की गौरवशाली धरोहर को छात्रों और समाज के सामने लाना था, जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया।

# बेरियर और उड़नदस्ता ने 45 यात्री बसों पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं धनपूंजी स्थित बेरियर की टीम ने हाल ही में 45 यात्री बसों पर शिकंजा कसकर 53 हजार रुपए का जुर्माना किया है। बेरियर प्रभारी एवं निरीक्षक मनोज कुमार की टीम ने 19 बसों पर कार्रवाई कर 24600 रुपए जुर्माना किया, इसमें से बेरियर की टीम ने सीमावर्ती राज्यों की 12 बसें बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए।उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनुपम पटेल ने बताया कि सड़कों में जांच में 26 बसों पर 28400 रुपए जुर्माने की कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि दूसरे राज्यों की बसों के साथ-साथ अन्य वाहन छत्तीसगढ़ राज्य का बिना टैक्स दिए ही चल रही हैं।

### नो-पार्किंग, ओवरलोड पर हो रही कार्रवाई

शहर के लालबाग, आनंद ढाबा, बोधघाट एवं एनएच, सरगीपाल रोड के दोनों ओर नो-पार्किंग एवं ओवरलोड ट्रकों के खड़ी रखने से जहां दुर्घटना की संभावना रहती है। आवागमन जाम से लोगों को परेशानी हो रही है। इस पर उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने कार्रवाई की जा रही है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी

नाक को सही (रिशेपिंग) करना
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 02 मई से 15 मई 2025
8 मई से 21 मई 2025, 13 मई से 26 मई 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:- स्लीपर -19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411